आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-113 कटनी ● बुधवार, 26 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

**Cyclone Yaas Live**

## सुबोध नये सीबीआई चीफ बने



महाराष्ट्र कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल ने बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का पद संभाल लिया। सीबीआई के अतिरिक्त निदेशक प्रवीण सिन्हा की जगह ली है। जायसवाल को दो साल के लिए सीबीआई प्रमुख नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। महाराष्ट्र कैडर के 1985 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी फिलहाल सीआईएसएफ के महानिदेशक थे।



# यास तूफान ने मचाई तबाही

**कोलकाता, भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में एंट्री हो चकी है. इस बाबत तटीय इलाकों में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। दीघा और शंकरपुर सहित कई तटीय इलाकों में समुंद्र में तेज लहरे उठने लगी हैं और पानी लोगों तटीय इलाकों में घुसने लगा है। ऐसे में राहत बचाव कार्य के लिए भारतीय सेना की 17 टुकड़ियों को उतार दिया गया है। वहीं एनडीआरएफ की टीम भी राहत बचाव कार्य में लगी हुई है। तटीय इलाकों से लगभग 15 लाख लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया जा चुका है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अधिकारियों संग लगातार बातचीत कर रही है और स्थिति का जायजा ले रही है। उन्होंने बताया कि पूर्वी मेदनीपुर में 51 बांध टूट गए हैं और लैंडफॉल शुरू हो चुकी है। इस बीच कई इलाके पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं. चक्रवात के रौद्र रूप को देखते हुए व राहत बचाव कार्य के लिए सेना की 17 टुकड़ियों को उतारा गया है। वहीं एनडीआरएफ की 45 टीमें भि मौके पर डंटी हुई हैं। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान यास की अधिकतम स्पीड 175 किमी प्रतिघंटा हो सकती है। वहीं जब यास बंगाल में प्रवेश करेगा तब समुंद्र में लहरें 8-12 फीट की ऊंचाई तक उठ सकती हैं। बता दें कि दीघा में हालात पर काबू पाने के लिए सेना उतर चुकी है. वहीं ज्वार के कारण नामखाना में बांध टूट गया है। वहीं कोलकाता एयरपोर्ट पर हवाई सेवाओं को फिलहाल के लिए रद्द कर दिया गया है साथ ही कई ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है.

### गांवों में घुसा समंदर का पानी, टूटे बांध, सेना की 17 टुकड़ियों ने संभाला मोर्चा

### कल सुबह झारखंड में दस्तक देगा यास

मौसम विभाग के निदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि चक्रवात यास ओडिशा के बालासोर सीमा को पार गर गया। यास कल सुबह झारखंड पहुंचेगा, तब इसके हवा की गति 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। पिछले 24 घंटों में ओडिशा में भारी से बेहद भारी बारिश हुई है। उत्तर ओडिशा और तटीय ओडिशा में आज भारी से बेहद भारी बारिश होने की संभावना है।

## क्लिक अपडेट



### पिता की खातिर बेटी लगा रही गुहार

**ग्वालियर।** एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक लड़की अपने पिता के लिए ब्लैक फंगस ठीक करने वाला इंजेक्शन मांग रही है कलेक्टर ने इंजेक्शन देने से मना कर दिया तब 19 साल की बेटी रेनू ने अपने दर्द का एक वीडियो बनाकर प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह, राज्यसभा सांसद ज्योतिरादितय सिंधिया व ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह को ट्वीट कर मदद मांगी। वीडियो काफी दर्द भरा है। इसमें रेनू कह रही है कि मेरे पापा अपोलो हॉसपिटल में एडमिट हैं। उन्हें एडमिट हुए 8 से 9 दिन हो चुके हैं मगर कोई फायदा नहीं।

### जुलाई से केंद्रीय कर्मचारियों को मिल सकती है ज्यादा सैलरी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी के कारण पैदा हुए आर्थिक हालात के मद्देनजर केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को रोक रखा है। सरकार ने जनवरी 2020 से महंगाई भत्ता रोक दिया था। यह रोक जून 2021 तक है।17 से 28 फीसदी हो सकता है डीए जनवरी 2020 में केंद्रीय कर्मचारियों का डीए चार फीसदी बढ़ा था। इसके बाद दूसरी छ्माही (जून 2020) में इसमें तीन फीसदी का इजाफा हुआ। अब जनवरी 2021 में यह चार फीसदी बढ़ा है। इस तरह डीए 17 फीसदी से बढ़कर 28 फीसदी होने से कर्मचारियों को लाभ होगा। हालांकि सरकार ने पिछले साल जनवरी से ही इसमें रोक लगाई हुई है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर पीएम मोदी बोले-पहले जैसी नहीं रहेगी धरती

**नई दिल्ली।** आज वैशाख पूर्णिमा है। यानी आज ही के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाए दीं। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को बदल कर रख दिया है। 100 साल में कोरोना जैसी महामारी नहीं आई। सारे देश मिलकर इससे आज लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक बात तो साफ हो गई है कि कोरोना के बाद पहले जैसा कुछ नहीं रहेगा।




### केन्द्र की नई गाइडलाइन के खिलाफ WhatsApp पहुंचा हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों में देश में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर ऐप पर प्रतिबंध लगने की खबरें खूब चर्चा में है। तमाम इंस्टेंट मैसेजिंग व मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे Facebook, WhatsApp, Twitter, Instagram के करोड़ों यूजर्स हैं और सभी में इस बात को लेकर बेचैनी है कि आखिर देश में इन प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लग गया तो क्या होगा। दरअसल 25 मई को केंद्र सरकार की इंटरनेट मीडिया की नई गाइडलाइन को मंजूरी देने की डेडलाइन समाप्त हो चुकी है। ऐसे में अब केंद्र सरकार की नई इंटरमीडियरी गाइडलाइन को लागू नहीं करने वाले इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म को भारत में बैन लगाया जा सकता है। दरअसल केंद्र सरकार की इंटरनेट मीडिया गाइडलाइन की डेडलाइन खत्म होने से पहले फेसबुक कहा है कि वह केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन का सम्मान करती है और इसे लागू करने को लेकर लगातार काम कर रही है। नई गाइडलाइन को लागू करने को लेकर आला अधिकारियों से बात चल रही है।

# बीते 24 घंटे में 4172 मौतें नए केस फिर 2 लाख पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अब थमने लगे हैं और वायरस के संक्रमण में भी गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन इसके बावजूद मरने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है। बीते 24 घंटे की बात की जाए तो कोरोना से एक बार फिर 4172 लोगों की मौतें हुई हैं, जो मंगलवार के आंकड़ों से ज्यादा है। गौरतलब है कि मंगलवार को देशभर में 21 दिन बाद मौत के इतने कम 3,498 मामले सामने आए थे, लेकिन बुधवार को एक बार फिर से मौत की बढ़े आंकड़ों ने चिंता में डाल दिया है। मंगलवार को नए केस भी दो लाख से नीचे 195,815 सामने आए थे, लेकिन बुधवार को इसमें फिर बढ़ोतरी देखी गई। देश में कोरोना संक्रमण का सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र और कर्नाटक में देखने को मिल रहा है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के कुल मामले 2,71,56,382 पार कर गए हैं, हालांकि की राहत की बात ये है कि कोरोना संक्रमित एक्टिव केसों की संख्या कम होकर अब 24,90,876 हो गई है।



### इन राज्यों में कोरोना संक्रमण ज्यादा

तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, बंगाल जैसे राज्यों में फिलहाल कोरोना संक्रमण की रफ्तार ज्यादा है। केरल में तो पिछले एक दिन के मुकाबले 10 हजार से ज्यादा नए मामले मिले हैं। इन राज्यों में लाकडाउन और सख्त पाबंदियों का भी असर नजर नहीं आ रहा है। महाराष्ट्र, राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश में दैनिक संक्रमण के मामल कम हो रहे हैं।

### बीते 7 दिन में कोरोना संक्रमण का उतार-चढ़ाव


25 मई-208,886 नए केस और 4,172 मौतें
24 मई-195,815 नए केस और 3,498 मौतें
23 मई-222,835 नए केस और 4,455 मौतें
22 मई-243,777 नए केस और 3,788 मौतें
21 मई-254,395 नए केस और 4,143 मौतें
20 मई-259,269 नए केस और 4200 मौतें
19 मई-276,261 नए केस और 3,880 मौतें

### म्यूकरमाइकोसिस भी बढ़ा

इधर काली फफूंद बीमारी का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। हरियाणा में 24 मई तक ब्लैक फंगस या म्यूकरमाइकोसिस के 454 मामले सामने आ चुके हैं। म्यूकरमाइकोसिस के सबसे ज्यादा केस गुड़गांव जिले में देखने को मिले है। यहां 156 लोग म्यूकरमाइकोसिस से पीड़ित हैं। हिसार में 95, फरीदाबाद में 55, रोहतक और सिरसा में 27-27, पानीपत में 19 और अंबाला में 14 मामले सामने आए हैं। इधर मध्यप्रदेश के इंदौर में इससे दो मरीजों की मौत हो गई जबकि कई गिरफ्त में हैं।

**फ्रांसीसी वायरोलॉजिस्ट और नोबेल पुरस्कार विजेता का दावा**

## महामारी के बीच टीकाकरण ऐतिहासिक भूल ? वैक्सीन की वजह से रूप बदल रहा कोरोना



**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी वायरोलॉजिस्ट और नोबेल पुरस्कार विजेता ल्यूक मॉन्टैग्नियर ने महामारी के दौरान कोरोना वायरस के खिलाफ सामूहिक टीकाकरण को ऐतिहासिक भूल करार दिया है. उनका कहना है कि इसी के चलते नए वेरिएंट्स का निर्माण हो रहा है, जिससे मौतें भी हो रही हैं। लाइफसाइट न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी. यह एक बहुत बड़ी गलती है। न केवल वैज्ञानिक नजरिये से, बल्कि चिकित्सकीय नजरिये से भी यह एक भूल है। इसे स्वीकारा नहीं जा सकता है. मॉन्टैग्नियर ने अपने एक इंटरव्यू में यह बात कही, जिसे अमेरिका के रेयर फाउंडेशन द्वारा अनुवाद और प्रकाशित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया, इतिहास की किताबों में इस गलती का जिक्र होगा क्योंकि इसी वैक्सीनेशन के चलते वेरिएंट्स बन रहे हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, कई महामारी वैज्ञानिक इस बात से अवगत हैं और यह जानते हुए भी चुप हैं कि एंटीबॉडी से निर्भरता में वृद्धि होती है. यह वायरस द्वारा उत्पादित एंटीबॉडी ही है, जो संक्रमण को और मजबूत बनाता है। इट न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। यह एक बहुत बड़ी गलती है. न केवल वैज्ञानिक नजरिये से, बल्कि चिकित्सकीय नजरिये से भी यह एक भूल है. इसे स्वीकारा नहीं जा सकता है। मॉन्टैग्नियर ने अपने एक इंटरव्यू में यह बात कही, जिसे अमेरिका के रेयर फाउंडेशन द्वारा अनुवाद और प्रकाशित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया, इतिहास की किताबों में इस गलती का जिक्र होगा क्योंकि इसी वैक्सीनेशन के चलते वेरिएंट्स बन रहे हैं। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में होल्ड-अप मीडिया के पियरे बार्नेरियास के साथ हुए एक साक्षात्कार में कहा, कई महामारी वैज्ञानिक इस बात से अवगत हैं और यह जानते हुए भी चुप हैं कि एंटीबॉडी से निर्भरता में वृद्धि होती है. यह वायरस द्वारा उत्पादित एंटीबॉडी ही है, जो संक्रमण को और मजबूत बनाता है।

# ऐसा फ्लाईओवर बना भी तो कब तक चल पाएगा ?


### फ्लाईओवर की गुणवत्ता में लैब व एनसीसी की जमकर मनमानी, मुआवजे को लेकर भी संशय बरकरार

**जबलपुर, यशभारत।** लंबी कवायद, चार टेण्डर प्रक्रिया के बाद दमोह नाका-मदन महल फ्लाईओवर का निर्माण कुछ माह पहले आरंभ तो हो गया पर इसके निर्माण की गति बताती है कि तय समय सीमा में इसका बन पाना बेहद कठिन होगा। अभी निर्माण जहाँ चल रहा है, वहाँ पिलर तो दिखने लगे और काम होता भी दिख रहा है, पर पूरी ऊर्जा के साथ और जरूरी हिस्सों में पहले प्राथमिकता से काम हो ऐसा कतई नजर नहीं आ रहा है। इस उपयोगी संरचना का निर्माण टारगेट 36 माह है इनमें से कई माह गुजर गए। इसी प्रकार लॉक डाउन की आड़ में अधिकारी भी घरों में दुबक कर बैठ गए हैं जिसके कारण ठेकेदार कंपनी लगातार गुणवत्ता में जमकर समझौता करके अपनी मनमानी कर रही है।



### नर्मदा की रेत होने के बावजूद कॉलम भरी जा रही है डस्ट से

फ्लाई ओवर में शहर के निर्माणाधीन क्षेत्र में कॉलम का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसमें की कई प्रकार के प्रश्न अभी से उठने लगे हैं सूत्र बताते हैं कि यह कॉलम डस्ट से भरे जा रहे हैं जानकारों का कहना है जब शहर में नर्मदा की रेत मौजूद है तो फिर क्यों डस्ट से इन कॉलम को भरा जा रहा है डस्ट की मिलावट व गिट्टी के चूरे के कारण आने वाले वक्त में कंक्रीट क्रेक आने की भी संभावनाएं बनी हुई है। अर्थात कॉलम में भरे जा रहे मटेरियल की टेस्टिंग को भी लेकर सवाल उठ रहे हैं। अधिकारी फील्ड पर नहीं है जिसके कारण इन सभी सैंपलों की टेस्टिंग सही सुचारू रूप से नहीं हो रही।





शेष पृष्ठ 5 पर

### नेपियर टाउन में लीज के हिस्से को भी मिलेगा मुआवजा?


जमीन अधिग्रहण को भी लेकर तरह-तरह की बातें हो रही है मदन महल से लेकर दमोह नाका तक 10 मीटर की मार्किंग तो कर दी गई है पर अभी तक इन्हें हटाने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई इसमें भी बड़े-बड़े पेंच शामिल है। जैसे कि नेपियर टाउन का इलाका जो कि लीज पर है क्या इन्हें मुआवजा मिलेगा ! इन बातों को लेकर भी कई प्रकार की बातें सामने आ रही हैं जैसे कि अगर यह लीज का हिस्सा अधिग्रहण में है तो मुआवजा मिलना मुश्किल है क्योंकि जब भूत पूर्व कमिश्नर वेद प्रकाश द्वारा लेफ्ट टर्न की कार्यवाही की गई थी उस वक्त लीज के हिस्से को मुआवजा नहीं दिया गया था। ऐसे में नेपियर टाउन की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है क्योंकि ना तो उन्हें कोई मुआवजा मिल पाएगा और उनके घर के घर भी जा सकते हैं। पुल बनाते वक्त सबसे ज्यादा अगर बवाल होगा तो वह जमीन अधिग्रहण के ही वक्त होने की संभावना है। इसलिए अगर देखा जाए तो अब तक इसमें ना ही विभागों द्वारा, ना ही ठेकेदार कंपनीऔर ना ही बड़े राजनेताओं ने किसी भी प्रकार की कोई रुचि दिखाई है कि आखिर यह मुद्दा कैसे साल्व होगा।

## बाबा रामदेव को एक हजार करोड़ का नोटिस

**देहरादून।** बाबा रामदेव की ओर से एलोपैथी को लेकर 25 सवाल जारी किए जाने के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उत्तराखंड ने उन्हें लीगल नोटिस जारी किया है। एसोसिएशन ने कहा कि बाबा रामदेव एलोपैथी का 'ए' तक नहीं जानते। हम उनके सवालों के जवाब देने को तैयार हैं, लेकिन पहले वे अपनी योग्यता तो बताएं। उन्होंने कहा कि अगर बाबा 15 दिनों के भीतर माफी नहीं मांगेंगे तो उनके खिलाफ एक हजार करोड़ रुपये का मानहानि का दावा किया जाएगा। आईएमए उत्तराखंड के सचिव डा. अजय खन्ना ने कहा कि वे बाबा रामदेव से आमने-सामने बैठकर सवाल-जवाब करने को तैयार हैं। बाबा रामदेव को एलोपैथी के बारे में रत्ती भर भी ज्ञान नहीं है।



### किसान आंदोलन के 6 माह, आज मना रहे काला दिवस



**नई दिल्ली।** यूपी गेट पर काला दिवस मनाने के दौरान भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने मंच से किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आंदोलन को छह माह पूरे हो गए। यदि छह महीने में भी सरकार किसानों से बात नहीं करती तो इसका मतलब यह है कि आंदोलन लंबा चलेगा। काला दिवस के दिन यूपी बॉर्डर पर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में काले झंडे लगाकर विरोध हो रहा है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार का पुतला भी

## बलिदानी पति को पत्नी का सैल्यूट

**रतलाम/नामली।** बलिदानी लांस नायक कन्हैयालाल की अंतिम विदाई का क्षण उस समय भारत माता की जय और शहीद अमर रहे के नारों से गूंज उठा जब उनकी पत्नी सपना चौधरी ने उन्हें सैल्यूट कर श्रद्धांजलि दी। यह देख वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई, लेकिन इस बात का गर्व भी रहा कि उनके गांव के वक्ति ने देश की सेवा में अपनी जान न्यौछावर कर दी। रतलाम के ग्राम गुणावद निवासी लांस नायक कन्हैयालाल की सिक्किम में 22 मई को हादसे में मौत के बाद बुधवार को शव गुणावद लाकर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सुबह आठ बजे सैन्य दस्ता सम्मानपूर्वक कन्हैयालाल का शव लेकर गांव पहुंचा। रास्ते में ग्राम कलोरी, सेमलिया व गुणावद में युवाओं, ग्रामीणों द्वारा सेना के शव वाहन पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि दी और अमर शहीद के नारे लगाए।






## साल का पहला चंद्रग्रहण शुरू, देश के कुछ राज्यों दिखेगा

**नई दिल्ली।** साल का चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण 26 मई 2021 को दोपहर 2.17 मिनट से शुरू हुआ, जो शाम 7.19 मिनट तक रहेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा यानी बुध पूर्णिमा की वजह से आज लगने वाले चंद्र ग्रहण का विशेष धार्मिक महत्व है। हालांकि यह चंद्र ग्रहण भारत के कुछ ही हिस्सों में दिखाई देगा।

### चंद्र ग्रहण का सूतन नहीं होगा मान्य


आज लगने वाले चंद्र ग्रहण का सूतक मान्य नहीं होगा क्योंकि यह एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण है और भारत के अधिकांश हिस्से में इस चंद्र ग्रहण का प्रभाव नहीं होगा। उपच्छाया ग्रहण को ज्योतिष ग्रहण की श्रेणी में नहीं रखा जाता है। पूर्ण ग्रहण के समय भारत के अधिकांश हिस्सों में चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से नीचे होगा।




### देश के इन इलाकों में दिखेगा चंद्र ग्रहण

ओडिशा में पुरी, भुवनेश्वर, कटक, पश?चिम बंगाल में कोलकाता, जलपायगुडी, सिलिगुडी, संपूर्ण अंडमान निकोबार द्वीप, असम, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर इत?यादि प्रदेशों में खंडग्रास ग्रहण दिखाई देगा। शेष भारत में चंद्र ग्रहण नहीं दिखाई देगा। कोलकाता में चंद्रमा शाम 6.15 मिनट पर निकलेगा और इस दौरान आंशिक चंद्रग्रहण की कुछ मिनट तक झलक दिखेगी और 6.22 मिनट पर यह समाप्त होगा। आज लगने वाला चंद्र ग्रहण पूर्वी एशिया, उत्तरी व दक्षिण अमेरिका के ज्यादातर हिस्सों सहित और ऑस्ट्रेलिया से यह पूर्ण चंद्रग्रहण दिखाई देगा। यह चंद्र ग्रहण जापान, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, बर्मा, सिंगापुर, फिलीपींस, उत्तरी एवं दक्षिणी अमेरिका में दिखाई देगा।

## मध्य प्रदेश के 7 जिले लॉकडाउन रहेंगे, 45 में अनलॉक से राहत मिलेगी




भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पूरी शक्ति के साथ इस बात की कोशिश कर रहे हैं कि दिनांक 1 जून 2021 से मध्यप्रदेश में जनजीवन सामान्य बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए परंतु आंकड़े बताते हैं कि मध्य प्रदेश के 7 जिले 1 जून 2021 को लॉकडाउन रहेंगे। शेष 45 जिलों में कर्फ्यू में ढील दी जाएगी। मध्य प्रदेश के 7 जिलों इंदौर, भोपाल, सागर, रतलाम, रीवा, अनूपपुर तथा सीधी में ही साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 5त्न से अधिक है। WHO की गाइड लाइन के अनुसार साप्ताहिक औसत संक्रमण की दर 5त्न से कम होने की स्थिति में ही कर्फ्यू में ढील दी जा सकती है। यदि गाइडलाइन का पालन किया गया तो उपरोक्त 7 जिलों में कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी जा सकेगी। कम से कम 1 सप्ताह के लिए कर्फ्यू बढ़ाना पड़ेगा।

# जरुरतमंदों के लिए नारायण बना मिशन संबल






## 5200 से अधिक लोगों तक पुलिस टीम ने पहुंचाई खाद्यान्न सामग्री,वेक्सीनेशन के प्रति भी लोगों को जागरुक करने गतिविधियां की जा रही संचालित

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की इस घड़ी में लोकसेवकों ने अपनी जिम्मेदारियों के साथ ही सामाजिक सेवा की दिशा में भी मिसालें कायम की हैं। ऐसी ही मिसाल जिले की खाकी ने बनाई है। कोविड-19 संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिये जिले में कोरोना कर्फ्यू प्रभावशील है। जिले का पुलिस महकमा जहां जवाबदेही के साथ ही कोरोना कर्फ्यू का पालन करा रहा है, वहीं मिशन संबल के माध्यम से जिले के असहाय, निर्धन और जरुरतमंदों के लिये नारायण बना हुआ है। जिले के पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी के द्वारा 16 मई से जिले में मिशन संबल प्रारंभ किया गया है। इसके तहत पुलिस टीम द्वारा जरुरतमंदों तक खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। अब तक जिले के 146 ग्रामों के 5250 परिवारों तक पुलिस महकमे द्वारा खाद्यान्न सामग्री के पैकेट्स पहुंचाये गये हैं। मिशन संबल में जिले की औद्योगिक संस्थायें, एनजीओ और स्वयंसेवी संगठन भी उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। उनके द्वारा पुलिस टीम के माध्यम से खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जा रहा है। कैमोर क्षेत्र में तो पुलिस के साथ कन्धे से कन्धा मिलाते हुये एसीसी सीमेन्ट प्रबंधन द्वारा जरुरतमंदों को स्टॉल लगाकर खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। कोतवाली थाने के द्वारा अपने थाना क्षेत्र में 550 लोगों को, माधवनगर थाने द्वारा 420 लोगों को, कुठला थाने द्वारा 125 लोगों को, एनकेजे थाने द्वारा 1200 लोगों को, रंगनाथ नगर थाने द्वारा 50 लोगों को, स्लीमनाबाद थाने द्वारा 400 लोगों को और बहोरीबंद थाने द्वारा 100 लोगों को खाद्यान्न सामग्री पिछले दिनों में वितरित की गई है। इसी प्रकार उमरियापान थाने द्वारा 150 लोगों को, ढीमरखेड़ा थाने द्वारा 250 लोगों को, विजयराघवगढ़ थाने द्वारा 300 लोगों को, कैमोर थाने द्वारा 650 लोगों को, बरही थाने द्वारा 600 लोगों को, बडवारा थाने द्वारा 120 लोगों को, रीठी थाने द्वारा 85 लोगों और बाकल थाने द्वारा 250 लोगों को तक निःशुल्क खाद्य सामग्री वितरित की गई है। मिशन संबल के माध्यम से जिला पुलिस की टीम वेक्सीनेशन के लिये भी ग्रामीणों को प्रेरित कर रही है। पुलिस द्वारा नागरिकों से यह अपील की जा रही है, कि जब फ्रंटलाईन वर्कर्स हैं, और हमने वेक्सीन लगवाई है, तो आप भ्रम क्यों पाल रहे हैं। वेक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है, यह आपका सुरक्षा घेरा है, आप भी वेक्सीन जरुर करायें।



# सोनम के पापा की तरह अच्छे पापा बनिए

### बहुदिव्यांग सोनम को टीका लगवाकर दिया कोविड का रक्षा कवच

**कटनी।** अपने परिवार को सुरक्षित रखने की जवाबदेही होती है उस परिवार के मुखिया की। जब आप अपने बच्चों की देखभाल और उनकी पढ़ाई, उनके खानपान की छोटी से छोटी जरुरतों का ख्याल रखते हैं, तो कोरोना का टीका लगवाने में क्यों कतरा रहे हैं। आप भी कटनी निवासी सोनम के पापा की तरह अच्छे पापा बनिये। खुद भी कोरोना का टीका लगवाईये और 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके परिवार के सदस्यों और अपने बच्चों का वेक्सीनेशन जरुर कराईये। सोनम के पापा की तरह ही अच्छे पापा क्यों। क्योंकि सोनम बहुदिव्यांग है। लेकिन अपने बिटिया के स्वास्थ्य की चिन्ता उनके पिता राकेश साहू को सतत् रुप से रही है। जैसे ही उन्हें पता चला कि 18 वर्ष आयु के सभी लोगों को कोरोना वेक्सीनेशन प्रारंभ हो गया है, उन्होने वेक्सीनेशन प्रक्रिया की जानकारी जुटाई, पंजीयन कराया और बिटिया को लेकर पुरानी कचहरी परिसर स्थित टीकाकरण केन्द्र पर पहुंचे।

**कोविड का वेक्सीनेशन कराकर निभायें अपनी सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारी**

टीकाकरण केन्द्र पर दिव्यांगजनों के लिये व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। जैसे ही केन्द्र प्रभारी को जानकारी लगी, वे अपनी टीम के साथ बाहर आये और सोनम को व्हीलचेयर पर बैठाकर अंदर ले गये। जहां पर नर्स अमीता प्रजापति ने सोनम को कोरोना का टीका लगाया।

सोनम के पापा राकेश साहू ने सभी से अपील करते हुये कहा कि कोरोना का टीका बेहद जरुरी है। हमने अपने घर में सभी का वेक्सीनेशन कराया है, अपने बेटे का भी वेक्सीनेशन कराया है, तो बिटिया का क्यों ना करायें। आज बेटी का वेक्सीनेशन कराके मुझे बेहद खुशी है। आप लोग भी अपने बच्चों का जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनका टीकाकरण जरुर करायें। मंगलवार को 18 वर्ष आयुवर्ग के अन्य युवाओं ने भी उत्साह के साथ वेक्सीनेशन कराया। 18 वर्ष उम्र की कक्षा 12वीं में पढ़ रही रिषिका चौदहा ने भी उत्साह के साथ कोरोना का टीका लगवाया। रिषिका ने कहा कि परिवार, समाज एवं देश को सुरक्षित रखने के लिये हम सब को यह टीका लगवाना बहुत जरुरी है। हम सब मिलकर वेक्सीनेशन कराकर ही अपने समाज और देश को इस भयावह बीमारी से सुरक्षित रख सकते हैं। इसी तरह 23 वर्षीय ध्रुव चौदहा ने भी कोरोना वेक्सीनेशन कराया। ध्रुव ने कहा कि यह वेक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है। इसका किसी भी प्रकार का कोई साईड इफेक्ट नहीं है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि सबकी सुरक्षा के लिये आप कोरोना का टीका जरुर लगवायें।

# रीवा जिले के लिए प्राणवायु पहुंचाने में सहयोगी बने विधायक

### तकनीकी खराबी के कारण बंद हुये टैंकर को रिपेयर कराकर रीवा भेजने में किया सहयोग

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के दौरान उपचार के लिये प्राणवायु बहुत महत्वपूर्ण है। शासन-प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थायें बनाकर प्रदेश के सभी जिलों में ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। सभी जिलों में ऑक्सीजन के टैंकर्स को सुरक्षित रुप से अपने जिले से दूसरे जिले की सीमा में पहुंचाने के लिये टीमों को तैनात कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये टीम चौबीसों घंटे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। इनके सहयोग में हमारे जनप्रतिनिधि भी कदम से कदम मिलाकर लगे हुये हैं। ऐसा ही एक वाक्या जिले में हुआ। भिलाई से टैंकर के माध्यम से लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन रीवा जिले के भेजी गई थी। जबलपुर की सीमा से कटनी जिले की टीम ने टैंकर को रिसीव किया। लेकिन धनगवां के आस-पास टैंकर में तकनीकी खराबी आने के कारण वह वहीं रुक गया। आवश्यक रिपेयर पार्ट्स के लिये टीम ने प्रयास किया। इसी दौरान इसकी जानकारी विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय को लगी। जिस पर विधायक श्री पाण्डेय ने तुरंत मुस्तैदी से टैंकर को सुधारने के लिये मिस्त्री भेजा। साथ ही आवश्यक पार्ट्स की व्यवस्था भी विधायक द्वारा कराई गई। विधायक श्री पाण्डेय के प्रयासों से ऑक्सीजन टैंकर को जल्द से रिपेयर कराकर रीवा के लिये रवाना किया जा सका। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता इस कोरोना काल में जहां जरुरतमंदों को हर संभव मदद उपलब्ध करा रही है। वहीं उनकी संवेदनशीलता से भी प्रशासनिक सामंजस्य के साथ ही कोरोना से इस लड़ाई पर विजय हासिल करने में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।



# कमलनाथ पर एफआईआर पर युवा कांग्रेस ने दिया धरना

**कटनी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के ऊपर हुई थ्स् के विरोध में ज़िला युवा कांग्रेस द्वारा स्थानीय झंडा बाज़ार इस्तिथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरना दिया गया युवा कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित मनु द्वारा कमलनाथ के ऊपर दर्ज थ्स् की निंदा करते हुए कहा गया की प्रदेश सरकार कोरोना से लड़ने में पूरी तरह विफ्ल रही और प्रदेश में कोरोना से हुई मृत्यु पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है जबकि कमलनाथ से कोरोना से मृत्यु के वास्तविक आँकड़े जनता के सामने प्रस्तुत किए हैं और कमलनाथ और पूरी कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की जनता सेवा की है। प्रदेश सचिव रौनक़ खंडेलवाल ने कहाँ है कोरोना वाइरस को इंडीयन वाइरस का नाम केंद्र की मोदी सरकार ने सप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफ़नामे में दिया है फिर अगर उसे कमलनाथ इंड़ीयन वाइरस कहा तो उनके ऊपर करना लोकतंत्र के मूल्यों के ख़िलाफ़ है । केंद्र सरकार के हलफ्नामे की प्रति भी मीडियाजनो को दी गयी है। धरने में सोशल डिस्टन्स का पालन करते हुए कोरोना प्रोटोकाल का पालन किया गया। इस दौरान श्याम यादव, मुरली गुप्ता, अजय खटीक उपस्तिथ थे






# जिले के लिए टैंकर के माध्यम से पहुंची 14 टन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन

### जिले के बजाज रिफलिंग प्लान्ट तक पहुंचाया गया सुरक्षित

**कटनी।** शासन प्रशासन के द्वारा जिले में ऑक्सीजन आपूर्ति के लिये हर संभव व्यवस्थायें की जा रही हैं। जिसके प्रभावी परिणाम दिख रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को भी जिले में 14 टन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन जबलपुर से कटनी पहुंची। उल्लेखनीय है कि कोरोना की इस विपदा में शासन-प्रशासन द्वारा जिले में जनस्वास्थ्य की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों के कारण ही स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने में सुगमता हो रही है। जिले में ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाये रखने के लिये जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सतत् रुप से शीर्ष अधिकारियों से संपर्क और संवाद किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सड़क मार्ग के माध्यम से 14 टन लिक्विड ऑक्सीजन, जबलपुर से टैंकर के माध्यम से जिले के लिये आई है। जिसे जबलपुर जिले की सीमा से रिसीव कर जिले के बजाज रिफलिंग पॉईन्ट तक जिले की टीम द्वारा पहुंचाया गया है। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सहायक नोडल अधिकारी जितेन्द्र सिंह बघेल, परियोजना अधिकारी मृगेन्द्र सिंह सहित टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# बड़वारा में चलाया किल करोना अभियान, घर-घर सर्वे



**कटनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक किल.कोरेना अभियान के अंतर्गत कटनी जिले के गांव.गांव में जाकर के सर्वे का कार्य कर रहे हैंए घरों में टेंपरेचर देखनाए किट वितरण करना एवं मास्क आदि का वितरण भी कर रहे हैं। वही लोगों को वैक्सीन के प्रति जागरण का कार्य किया जा रहा है और वैक्सीन के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर भी किया जा रहा है ।साथ ही आम जनमानस को सामाजिक दूरी का पालन और नियमित रूप से मास्क लगाने हेतु जागृति भी किया जा रहा है । जनजाति ग्राम मगरहटा, रोहनिया, भजिया, बंदरी, भुडसा आदि के भी 815 लोगों की स्क्रीनिंग, टेंपरेचर चेकिंग एवं दवाइयों आदि का वितरण किया गया। इस अभियान में खण्ड बड़वारा के विनय नागवंशी, शुभम श्रीवास, भूपेंद्र सूर्यवंशी, खेमचंद यादव, निखिल असाटी, सचिन चौहान, नरेंद्र कुशवाहा, संदीप यादव, सत्येंद्र सिंह, पुष्पराज तिवारी आदि स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहकर इस कार्य में मातृशक्ति तथा समाज के बंधुओं को साथ में लेकर सेवा कार्य में अपनी सहभागिता दे रहे हैं।

# ईश्वर ने हमें दिया सेवा का अवसर, मिल रहा सुकून : टीआई





**बरही।** आपदा के अवसर पर ईश्वर ने हमे सेवाएं मदद करने का पुनीत अवसर दिया है, जिससे हमें सुकून मिल रहा है। आमूनन पुलिस 24 घंटे अपराधों को सुलझाने में उलझी रहती हैए ऐसे मौके बहुत कम मिलते है कि जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जाए, राशन, अनाज वितरण करने बरही के वार्ड क्रमांक 01 पहुंचे थाना प्रभारी संदीप अयाची ने जरूरतमंदों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि आप चिंता न करेए हम यह प्रयास कर रहे है कि हर जरूरतमंद के पास राशन पहुंच जाए। मिशन सम्बल के तहत लगातार बरही पुलिस गांव.गांव, मुहल्ले व वार्डो में पहुंचकर जरूरतमंदो को राहत पहुंचा रहे है। इस कार्य मे तहसीलदार एसएन त्रिपाठी सतत सहयोग कर रहे है। मंगलवार को बरही के वार्ड नंण् 01 में 40 पैकेट अनाज का वितरण किया गया।

**जरूरतमंद को आर्थिक मदद करते बरही टीआई ने बांटे राशन**

### इधर गोपाल को पहुंचाई आर्थिक मदद

राशन वितरण के साथ ही जरूरतमंद गोपाल यादव को 2 हजार रुपए की आर्थिक मदद बरही थाना कोतवाल संदीप अयाची ने पहुँचाई है। मदद पाकर गोपाल ने टीआई श्री अयाची के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया में जानकारी साझा की गई थी कि गोपाल के पिता की निधन से परिवार का भरण-पोषण के लिए गरीब यादव परिवार परेशान हैए इस बात की जानकारी मिलते ही टीआई श्री अयाची वार्ड पार्षद सुरेश सोनी पंडा के साथ पीड़ित गोपाल के घर पहुँचकर आर्थिक मदद करते हुए राशन सामग्री भी भेंट की। इस दौरान तहसीलदार एसएन त्रिपाठी मौजूद रहे।

# यास का असर समाप्त होते ही असर दिखाएगा नौतपा

### पहले और दूसरे दिन लगा बादलों का ग्रहण

**कटनी।** नौतपा पर गर्मी अपने शबाब पर होती है लेकिन इस बार इसकी शुरूआत यानी पहले ही दिन मंगलवार को बादलों ने ग्रहण लगा दिया। वहीं आज दूसरे दिन बुधवार को भी आसमान पर सुबह से ही हल्के बादल मंडराने लग थे। इसी वजह से धूप अपना असर नहीं दिखा पायी। पूर्वान्ह साढे 11 बजे तक पारा 34.8 डिग्री तक ही पहुंच पाया था। ऐसा माना जा रहा है बंगाल की खाड़ी और उड़ीसा में सक्रिय हुआ यास चक्रवात के कारण भी मौसम में बदलाव हो सकते हैं। बादलों का डेरा बना रहेगा लेकिन बारिश की संभावना कम व्यक्त की जा रही है।



### पूरी तरह से बदल गया मौसम का मिजाज

मौसम के मिजाज पूरी तरह बदले हुए हैं। पहले पश्चिमी विक्षोभ के कारण गर्मी अपना असर नहीं दिखा पायी फिर टाक्टे ने पूरा मौसम बदल दिया। लगातार अंधड़ और बारिश का दौर चला। अनुमान लगाया जा रहा था कि नौतपा में गर्मी अपना असर दिखा सकती है लेकिन यास चक्रवात ने पहले ही दिन नौतपा पर ग्रहण लगा दिया। आसमान पर हल्के बादल मंडराने लगे हैं। दोपहर बाद बादलों के साथ तेज हवा चलने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है क्योंकि बंगाल की खाडी के साथ उडीसा में यास सक्रिय हो चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो से तीन दिन प्रदेश में यास का असर रह सकता है। इस बीच बादलों का डेरा रहेगा। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। उसके बाद ही नौतपा अपना असर दिखा सकता है। हालांकि सुबह से मंडरा रहे बादलों के कारण उमस ने परेशान करती रही। दोपहर में तो कुछ ज्यादा ही उमस महसूस हो रही थी।

### यास का असर, मेल व शक्तिपुंज एक्सप्रेस रद्द

उधर रेलवे ने पश्चिम बंगाल व उड़ीसा राज्य के तटीय क्षेत्र में साइक्लोन आने की चेतावनी के चलते कटनी जंक्शन व कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली हावड़ा-मुंबई मेल सुपरफास्ट व हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को निरस्त कर दिया है। ये दोनों ही ट्रेनें अपने प्रारंभिक स्टेशन हावड़ा से रद्द रहेंगी। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 01447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को 25 व 26 मई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 26-27 मई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 02322 सीएसएमटी-हावड़ा मेल सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 25 मई को अपने प्रारंभिक स्टेशन तथा गाड़ी संख्या 02321 हावड़ा-सीएसएमटी मेल सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 26 मई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**ग्रामों में पहुंचकर वेक्सीनेशन के प्रति लोगों को किया प्रेरित**

# वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता लाने गांव-गांव पहुंच रहा रथ



**कटनी।** कोविड-19 कोरोना वायरस से बचाव हेतु वर्तमान में एकमात्र प्रभावी हथियार वैक्सीन है। वैज्ञानिकों एवं शासन-प्रशासन के द्वारा इस महामारी से बचाव हेतु वैक्सीनेशन की सलाह लगातार दी जा रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन के जन जागरण हेतु जिला प्रशासन कटनी के द्वारा जिले के समस्त 6 विकास खंडों में आवश्यक चित्र, प्रभावी संदेश के साथ ही साउंड सहित जागरूकता रथ निर्धारित रूट चार्ट अनुसार प्रतिदिन ग्रामों में चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, ग्राम स्तरीय संकट प्रबंधन समूह, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छता से जुड़े स्वच्छाग्रही एवं अन्य समाजसेवियों सहित रथ का भ्रमण ग्राम में कराते हुए आम जनों को वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गतदिवस जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पहाड़ी, भनपुरा 2, बिछुआ, शाहपुर, टेढ़ी एवं गुबराधारी में किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत शाहपुर के जागरूक निवासी संतोष मिश्रा उम्र 50 वर्ष ने आमजन को बतलाया कि, उन्होंने वैक्सीन ली है। इसका कोई साइड इफेक्ट या परेशानी नहीं है और आगे बड़ी परेशानी से बचने के लिए सभी को वैक्सीन आवश्यक रूप से लगवानी चाहिए। वही ग्राम पंचायत के सरपंच अमृत लाल ने भी ग्राम में चल रही अफ्वाहों से दूर रहते हुए वैक्सीन लगवाने की विनम्र अपील की गई। इस अवसर पर ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक सहित ग्राम के संकट प्रबंधन समूह स्वच्छाग्रही आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 26 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## मुख्यमंत्री ने 11 लाख 28 हजार निर्माण श्रमिकों को 112 करोड़ 81 लाख रूपये की आपदा सहायता राशि अंतरित की

# जिले के 11 हजार 622 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को भी मिला लाभ

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आगामी एक जून से प्रदेश में धीरे-धीरे कोरोना कर्फ्यू समाप्त किया जाएगा। ऐसे में आपको पूरी सावधानी रखनी हैं। मास्क लगाना है, एक दूसरे से दूरी रखनी है, कहीं भीड़ नहीं करनी है, बार-बार हाथ धोने हैं। सबको वैक्सीन लगवाना है। इन सब सावधानियों का पालन करते हुए हम कोरोना से लड़ते भी रहेंगे और काम-धंधा भी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के निर्माण श्रमिकों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने ने इसके पूर्व प्रदेश के 11 लाख 28 हजार निर्माण श्रमिकों के खाते में कोविड-19 सहायता योजना के अंतर्गत 112 करोड़ 81 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस दौरान कटनी जिले के 11 हजार 622 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को भी राशि अंतरित हुई। इस अवसर पर श्रम एवं खनिज संसाधन मंत्री श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, जिला श्रम पदाधिकारी सूर्यकांत सिरवैया सहित जिले के श्रमिक बंधु भी शामिल हुये।



### पांच माह का नि :शुल्क राशन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शासन द्वारा सभी गरीबों, जिनमें निर्माण श्रमिक भी शामिल हैं, को पांच माह का प्रति सदस्य पांच-पांच किलो प्रतिमाह निः शुल्क राशन दिया जा रहा है, जिसमें तीन माह का राशन राज्य सरकार और दो माह का राशन केन्द्र सरकार दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह राशन प्रत्येक गरीब को मिल जाए, यह सुनिश्चित करें।

### आपका भाई आपके साथ खड़ा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कोविड उपचार योजना में कोरोना का निःशुल्क इलाज कर रही है। आयुष्मान कार्डधारी व्यक्ति एवं उसके परिवार को वर्ष में पांच लाख रूपये तक सम्बद्ध निज़ी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज की सुविधा दी गई है। इसके अलावा सभी शासकीय अस्पतालों एवं अनुबंधित अस्पतालों में भी कोरोना का निःशुल्क इलाज हो रहा है। प्रदेश में कोरोना से मां-बाप की मृत्यु पर बच्चों को पांच हजार रूपये मासिक पेंशन देने की योजना भी चालू की गयी है। सरकार संकट के समय पूरी तरह आपके साथ है। आपका भाई आपके साथ खड़ा है।

### आप अपनी सुरक्षा स्वयं करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना से आपको अपने गांव-शहर की खुद सुरक्षा करनी पड़ेगी। सारी सावधानियों का पालन करें। साथ ही वैक्सीन जरूर लगवाएं। यह कोरोना से बचने का सुरक्षा चक्र है।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने वैक्सीन लगवाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

### कलेक्टर की पहल पर राजीव गांधी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने शुरू किया जागरूकता अभियान

**कटनी।** ग्रामीण जनता में कोरोना वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियां दूर करने के उद्देश्य से राजीव गांधी महाविद्यालय रीठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रीठी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में एनएसएस के छात्रों द्वारा कोरोना वैक्सीन से होने वाले फायदे की जानकारी देकर खुद कोरोना वैक्सीन लगवाकर ग्रामीण लोगों को जागरूक किया जाएगा। एनएसएस की इस पहल से ग्रामीणों में वैक्सीन के प्रति विश्वास पैदा होगा, ताकि वह वैक्सीन लगवाने पूरे मन के साथ आगे आएं। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की पहल, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कपिलदेव मिश्रा के मार्गदर्शन में इस अभियान का श्री गणेश किया गया है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ अशोक मराठे, शासकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ रुकमणी प्रताप सिंह के निर्देशानुसार, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत के निर्देशन व उप प्राचार्य डॉ मनोज खरे के मार्गदर्शन में वैश्विक महामारी कोविड-19 वायरस के खिलाफ जंग लड़ने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको को कोरोना से मुक्ति के लिए उपाय बताये। राष्ट्रीय स्वयं सेवक लॉकडॉन में अपने आसपास के निवास ग्राम, मोहल्ले, बस्ती में रहते हुये कोरोना से कैसे बच सकते है, जैसे इस समय किसी से हाथ नहीं मिलाना। दूर से ही अभिवादन करने का शिष्टाचार निभाना, दो गज की दूरी मास्क है जरूरी नारों का आव्हान करना, न खुद किसी के घर जाये न दूसरो को अपने घर बुलाये की जानकारी दी जाएगी। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से स्वयंसेवकों में दीपिका राय बीए प्रथम वर्ष, संतनु तिवारी बीए तृतीय वर्ष, वंशिका कंदेले बीकॉम तृतीय वर्ष ने वेक्सिनेशन की पहली डोज ली। स्वयं सेवक ग्राम रीठी, मुहास, तिघरा, डांग, कैना, बकलेहटा, इमलिया, देवरी कला, पटौहा, हथकुरी, तिलगवा आदि ग्रामों में जहां निवासरत है, जागरूकता अभियान में अपनी भूमिका अदा कर रहे है। एनएसएस के स्वयं सेवको को समय-समय पर अपना विशेष मार्गदर्शन व सहयोग महाविद्यालय से कला विभागाध्यक्ष श्रीमती ज्योति राजपूत, हिन्दी साहित्य के सन्तोष केवट, इतिहास से वीरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, राजनीति शास्त्र से भानुप्रताप मिश्रा, हिन्दी साहित्य से भोलाराम पटेल, ग्रंथपाल अरविंद मेहरा, अंग्रेजी साहित्य से आर के निगम एवं साथ ही साथ महाविद्यालय के स्टाफ में विनय शंकर दुबे, भरत पटेल, राज किरण सिंह, आनंद पटेल, रोहित पटेल, शरद गर्ग सहयोग प्रदान कर रहे है।

# कोरोना कर्फ्यू समाप्त होने पर अनलॉक की रूपरेखा तैयार कर रहा प्रशासन

### अपर कलेक्टर ने कार्य योजना तैयार करने दिये निर्देश



**कटनी।** जिले में कोरोना कर्फ्यू समाप्त होने के पश्चात अनलॉक की प्रक्रिया व गतिविधियों को क्रमबद्ध तरीके से संचालित करने की रुपरेखा तैयार करने के उद्‌देश्य से मंगलवार को अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, एसडीएम बलबीर रमन, सीएसपी शशिकांत शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में शासन से जारी निर्देशानुसार विभिन्न व्यापारिक संगठनों व एसोसिएशन से आवश्यक चर्चा हुई। जिसमें अनलॉक के बाद बरती जाने वाली सावधानियों व कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश अपर कलेक्टर श्री सिसोनिया ने दिये। गौरतलब है कि जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक में कोविड प्रभारी और प्रदेश के खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कोरोना कर्फ्यू समाप्त होने पर अनलॉक के लिये प्लानिंग करने के निर्देश दिये थे। जिस पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा अनलॉक की कार्ययोजना बनाने के लिये 4 सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति के द्वारा सतत् रुप से अलग-अलग व्यापारिक संघों के प्रतिनिधियों से अनलॉक को लेकर चर्चा की जा रही है। जिसके बाद संपूर्ण रुप रेखा तैयार करते हुये जिले में अनलॉक की कार्यवाही भविष्य में की जायेगी।

# छात्रों की सुरक्षा एवं भविष्य का विचार कर रहे हो 12 वीं की परीक्षा का निर्णय-अभाविप

### परीक्षा, प्रवेश एवं सत्र के संदर्भ में शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मानना है कि कोरोना परिस्थिति के कारण टाली गई 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन पर केंद्र एवं राज्य सरकार विद्यार्थियों के सुरक्षा एवं भविष्य को ध्यान रखकर निर्णय करें। परिस्थिति को ध्यान रखते हुए सरकार नवीन प्रयोगों जैसे कम समयावधि की परीक्षा ए प्रमुख विषयों की परीक्षा ओपन बुक परीक्षा आदि के माध्यम से परीक्षा का आयोजन शारीरिक दूरी का पालन कर आगामी जुलाई- अगस्त में हो सकता है। इसी दिशा में कुछ राज्य सरकारों ने भी निर्णय किए हैं । अभाविप का मत है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जल्दबाजी ना दिखाते हुए विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय करें। जिस तरह से कोरोना के मामले कम हो रहे हैं ऐसी स्थिति में निकट माह जुलाई ध् अगस्त में शारीरिक दूरी का पालन पर कम समय काल में परीक्षाओं का आयोजन हो सकता है। महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में विगत वर्ष की भांति पाठ्यक्रम को कम करके अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का मूल्यांकन करना, प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित होने वाली एक दिवसीय प्रवेश परीक्षाओं को परीक्षा केट की संख्या बढाकर जुलाई ध् अगस्त माह में आयोजित करना ए महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों परिसरों में टीकाकरण केंद्रों को बढाना, मेडिकल एवं चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीट बढाना, आगामी सब सितंबर-अक्टूबर माह से प्रारंभ करना आदि सुझावों को शिक्षा मंत्री को भेजे पत्रों में सम्मिलित किया है। अभाविप कि प्रांत मंत्री सुश्री सुमन यादव ने कहा कि देश के अधिकतर विश्वविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश मेरिट लिस्ट के आधार पर होता है। ऐसे में 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों का मूल्याकन महत्वपूर्ण है। केंद्र एव राज्य सरकारों को विद्यार्थियों की सुरक्षा ए स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक भविष्य को प्यान रख कर न्यायोचित निर्णय करना चाहिए जिससे भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना विद्यार्थियों को ना करना पड़े।

# कल मुख्यमंत्री करेंगे ग्रामीण स्ट्रीट वेण्डर योजना के तहत सहायता राशि का वितरण

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान कल 27 मई को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन अंतर्गत ग्रामीण स्ट्रीट वेण्डर योजना के तहत सहायता राशि का वितरण वर्चुअल माध्यम से करेंगे। इस अवसर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित कार्य में मुख्यमंत्री कटनी जिले के ढीमरखेड़ा विकासखण्ड सहित छिंदवाड़ा के बिछुआ, सीहोर के सीहोर, गुना के चाचौड़ा विकासखण्ड के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। जिले में यह वर्चुअल कार्यक्रम ढीमरखेड़ा विकासखण्ड कार्यालय में आयोजित होगा। कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने संबंधित सीईओ जनपद को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।



# कोरोना काल में मरीजों के परिजनों को भोजन, पानी नि :शुल्क वितरण

### सेवा भारती द्वारा रेल्वे स्टेशनों एवं जिला चिकित्सालय में वितरण किया जा रहा भोजन के पैकेट

**कटनी।** कटनी में सेवा भारती द्वारा कोरोना संक्रमण के दौरान बीते एक माह से जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों को भोजनए सादा पानी व गर्म पानी के साथ आवश्यक वस्तुओं का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। लॉक डाउन के दौरान होटल व रेस्टोरेंट बन्द होने के चलते मरीज के परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसको देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती के स्वयंसेवकों द्वारा लगातार दोपहर में भोजन व गर्म पानी का वितरण किया जा रहा है। भोजन वितरण करने के दौरान स्वयंसेवको द्वारा कोविड गाइडलाइंस का पालन किया जाता रहा है और आज भोजन वितरण कार्यक्रम का एक माह पूर्ण होने पर जिला अस्पताल के साथ कटनी जंक्शन, मुड़वारा स्टेशन तथा शहर के विभिन्न चौराहों में भी गरीबो व असहायों को भोजन का वितरण किया गया'। विशेष बात यह रही कि उपरोक्त भोजन स्वयंसेवकों ने कोविड. अनु शासन का पालन करते हुए, स्वयं मिल करके बनाया था। सेवा भारती के किशोर ओचानीए आयुष बर्मनए सतीश गुप्ताए निलेश विश्वकर्मा, अजय शर्मा, योगेश गोस्वामी, लालचंद थारवानी, दिनेश गुप्ता, रवि देवांशी पटवा, राजेश सिंघई, आर्यन मिश्रा, कृष्णा नामदेव, राजेश भास्कर, विकास राय, कुलदीप पांडे एवं राजेश निषाद आदि द्वारा निरन्तर सेवाएं दी जा रही है।

# आज भी जिले में नहीं हुआ वेक्सीनेशन

**कटनी।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज बुधवार को शासकीय अवकाश होने के कारण जिले में किसी भी केन्द्र पर वेक्सीनेशन सत्र आयोजित नहीं किया गया। वहीं कोविड-19 टीकाकरण के लिये संचालित ऑनलाईन पोर्टल पर तकनीकी अपडेशन के कारण बुधवार को स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया भी नहीं की जा सकी।

# महंगाई की मार किचन पर प्रशासन करे कार्यवाही

### कांग्रेस नेता ने प्रशासन से रेट सूची जारी करने की मांग






**कटनी।** जिले में 9 अप्रैल से लॉकडाउन घोषित है। इसे अब पूरे 47 दिन हो चुके हैं इन दिनों में नागरिकों को रोजगार व जरूरत की चीजों के लिए परेशान होना पड़ा है। इसके साथ ही महंगाई की मार भी इनकी जेब पर पड़ रहा है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को पत्र लिखकर खाद्य विभाग से रेट सूची जारी करने की मांग की है।

लॉकडाउन के 47 दिन में दालों के रेट में जमकर उछाल आया है। इस बीच अरहर दालों के भाव 110 रुपए पहुंच रहा है। दाल के दाम अभी भी लोगों को रुला रहे हैं। अरहर दालों पर 10.15 रुपए की तेजी आई है। इसके अलावा भी कई वस्तुओं पर लॉकडाउन के दौरान तेजी आई है। उसके पीछे फुटकर दुकानदार थोक दुकानदारों द्वारा सभी डिस्काउंट बंद करने और दुकान तक सामान पहुंचाने को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

तेल के भावों पर भी नियंत्रण नहीं हो रहा है लाक डाउन से पहले तक 120.125 रुपए प्रति लीटर तक मिलने वाला रिफाइंड तेल अब 150 तक पहुंच गया था। इसी तरह 95 रुपए प्रति किलो में मिलने वाली अरहर दाल तुअर के भाव अब 110 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गर्चि है इसी तरह अन्य दालों में भी तेजी आई है। पेट्रोल 103 रुपए लीटर पर पहुंच गया है डीजल 94 रूपये प्रति लीटर, घरेलू गैस सिलेंडर 650 रूपये से बढ़कर 850 रूपये तक पहुंच गया है अंडा 70 दर्जन से बढ़कर 80 रूपये दर्जन मिल रहा है आटा में 5 रूपये एवं बेसन में 10 रूपये शक्कर 5 रूपये प्रति किलो में महंगाई बढ़ गई है

पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा है कि करोना काल में महंगाई की मार किचन पर पड़ रही है आसमान छूती खाद्य तेलों की कीमतें और पेट्रोल डीजल के दामों में लग रही आग से आम नागरिकों का जीना दूभर हो रहा है इससे आम आदमी के साथ उन गरीबों पर महंगाई का बोझ बढ़ गया है जो रोजगार न होने से आर्थिक मंदी का शिकार है। शहर के मुख्य बाजार बंद होना भी महंगाई का बड़ा कारण है क्योंकि गली-मोहल्लों में दुकानदार इसका फायदा उठा रहे हैं। ग्राहकों को महंगी दरों पर मजबूरी में राशन लेना पड़ रहा नतीजा इसका असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। ऐसे में आर्थिक मंदी से लॉकडाउन के कारण जूझ रहे परिवारों पर संकट खड़ा हो रहा है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा है कि प्रशासन सख्ती करे तो रुक सकती है राशन की महंगाई कटनी जिले के खाद्य विभाग द्वारा किराना व थोक व्यापारियों की दुकानों पर दर सूची चस्पा करने के आदेश दिए जाने की मांग की है।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म0प्र0)

क्रमांक/ 742 /वाहन विभाग/2021 कटनी, दिनांक- 19.5.2021

**निविदा आमत्रण सूचना।**

नगरपालिक निगम कटनी द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवस्था हेतु बोजेरो वाहन किराये पर लिये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार पंजीकृत ट्रेवल्स एजेंट/गाड़ी मालिकों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम कटनी में अथवा पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी को होगा। **समस्त वाहन टैक्सी परमिट में होना अनिवार्य होगा।**

| क्र. | वाहन का प्रकार | दर प्रतिमाह | | | | | | अमानत राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डीजल रहित चालक रहित | | डीजल रहित चालक सहित | | चालक सहित डीजल सहित | | | |
| | | 12घंटे | 24 घंटे | 12 घंटे | 24 घंटे | 12 घंटे | 24 घंटे | | |
| 1 | 02 नग बोलोरो वाहन | | | | | | | 5500/- | 2000/- |

(1) निविदा प्रपत्र कय एवं विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 24/05/2021 को सायंकाल 5:30 बजे से।
(2) निविदा प्रपत्र कय एवं विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08/06/2021 को सायंकाल 5:30 बजे तक।
(3) निविदादाता द्वारा प्रस्तुत विड खोलने की तिथि 10/06/2021 प्रातः 11:00 बजे।

कार्यपालन यंत्री, वास्ते- आयुक्त नगर पालिका निगम कटनी

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# दुर्घटना में घायल को सहारा देकर जेब से मोबाइल पार करने का एक आरोपी गिरफ्तार

## दूसरा फरार, शिकायत पर एनकेजे पुलिस ने की कार्रवाई

कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत सुरखी टैंक के पास मोटर सायकल फिसलने से घायल हुए बाइक चालक को सहारा देने के बहाने उसकी जेब से दो मोबाइल पार करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। जिसकी तलाश की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम इमलिया निवासी 27 वर्षीय शिवकुमार पिता संतोष चौधरी ने एनकेजे थाने में एक लिखित शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि वह 9 मई को बरही से कटनी लौटते समय एनकेजे थाना अंतर्गत सुरखी टैंक के पास मोटर सायकल फिसलने से घायल हो गया। इसीदौरान दो अज्ञात युवक उसके पास पहुंचे और उसे सहारा देने के बहाने उसकी जेब में रखे दो मोबाइल फोन निकाल कर चंपत हो गए। पुलिस ने शिवकुमार की शिकायत को गंभीरता से लिया और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में सायबर सेल की मदद से शिकायत की विवेचना शुरू की तो उसे सफलता मिल गई। पुलिस ने टावर लोकेशन व सीडीआर के आधार पर ग्राम जुहली पोड़ी निवासी 20 वर्षीय शिवमंगल सिंह पिता कप्तान सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। शिवमंगल ने बताया कि उसने व उसके एक अन्य साथी समनू कोल ने शिवकुमार को सहारा देकर मोबाइल पार किए थे। जिसमें से एक मोबाइल उसने रख लिया था जबकि दूसरा मोबाइल समनू के पास है। पुलिस ने शिवमंगल के पास से मोबाइल बरामद कर लिया है जबकि समनू कोल अभी एक मोबाइल के साथ फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। मामले की गुत्थी सुलझाने में एनकेजे थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार मिश्रा, सायबर सेल प्रभारी नीरज दुबे, सउनि कप्तान सिंह, दिनेश सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक सुनील वर्मा, आरक्षक प्रीतम सिंह की भूमिका रही ।



# लूटपाट की एफआइआर में विलंब को लेकर एएसआई व प्रधान आरक्षक निलंबित

## एसपी ने दिए थाना प्रभारी की विभागीय जांच के आदेश

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत हाइवे के बड़ेरा मोड़ स्थित एक दुकान में हथियार बंद युवकों द्धारा की गई लूटपाट के मामले में विलंब से एफआईआर दर्ज करना कुठला थाना प्रभारी सहित थाने में पदस्थ एक सहायक उपनिरीक्षक व एक प्रधान आरक्षक को महंगा पड़ गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी में एफआइआर में विलंब को लेकर सहायक उपनिरीक्षक विनोद पटेल व प्रधार आरक्षक बालकृष्ण तेकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है जबकि कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एसपी ने मामले की जांच नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला को सौंपी है। गौरतलब है कि पठरा गांव निवासी शुभम साहू 20 मई की रात हाइवे के बड़ेरा मोड़ स्थित अपनी दुकान की तकवारी करने के लिए गया था। उसीदौरान रात करीब साढ़े 11 बजे चार नकाबपोश युवक पहुंचे। युवकों ने शुभम के साथ मारपीट करते हुए कट्टा अड़ाकर साढ़े 9 हजार रुपए और दो होम थिएटर सहित उसका मोबाइल लूट लिया। बदमाश मारपीट करते हुए उसे दुकान अंदर बंद कर भाग गए थे।

# शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

## पीड़िता की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार का मामला सामने आया है। एनकेजे पुलिस के अनुसार कॉलेज में पढ़ने वाली एक युवती को रोशननगर निवासी सूरज गुप्ता ने एडमिशन सहित अनेक मामलों में सहयोग कर मेलजोल बढ़ा लिया। शादी का प्रलोभन देकर मैहर मंदिर जाकर सिंदूर लगाकर मंगलसूत्र पहनाकर इंदौर ले गया। वहां उसके साथ अनेक बार अनैतिक संबंध बनाए। कहा कि घर पहुंचकर परिवार के सामने हम शादी करेंगे। कटनी आने के बाद होटल में ले जाकर भी उक्त युवक ने लड़की के साथ बलात्कार किया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा और छोड़कर कर भाग गया। पीड़िता के द्धारा थाने में शिकायत की गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्राला जप्त

## सूचना पर एनकेजे पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए रेत से ओवर लोड दो 22 चका ट्राला को थाने में खड़ा कराया है। पुलिस ने दोनों वाहनों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में अवैध उत्खनन व खनिज के अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच 25 व 26 मई की दरम्यानीरात मुखबिरों ने बताया कि 22 चका ट्राला क्रमांक आर.जे.34जीए-2339 व आर.जे.34जीए-2342 में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। मुखबिरों की सूचना की तस्दीक करते हुए दोनों वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में न केवल दोनों वाहन अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए गए बल्कि दोनों वाहनों में क्षमता से अधिक रेत भी लोड की गई थी। लिहाजा दोनों वाहनों को जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग के पास भेज दिया है। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र मिश्रा व उनके हमराह स्टाफ, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश करोसिया, दयाराम बर्मन, आरक्षक उदय पाल व रोहित झारिया की भूमिका रही।

# जनसेवा ही भाजपा का प्रथम लक्ष्य है

## 17वें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र से जारी है जरूरतमंदों की सेवा




**कटनी।** जिला चिकित्सालय के समक्ष स्थापित सांसद कोविड सहायता केंद्र कोविड मरीजों एवं उनके परिजनों की मदद के लिए मददगार साबित हो रहा है। लगातार 17वें दिन जरूरतमंदों की मदद के लिए भाजपा कार्यकर्ता जुटे रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में सेवा ही संगठन के मूलमंत्र को लेकर सांसद कोविड सहायता केंद्र से भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों की सेवा करना भाजपा के एक-एक कार्यकर्ताओं ने अपना लक्ष्य बनाया है। भाजपा कार्यकर्ता जन सेवा भाव से प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पीड़ितों और जरूरतमंदों की सेवा कर रहे हैं। ऐसे जाबांज कार्यकर्ताओ की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। आज 17वें दिन सहायता केंद्र द्वारा कोरोना पीड़ितों एवं उनके परिजनों को भोजन, गर्म पानी, बिस्किट, सादा पानी, मास्क एवं सेनेटाइजर इत्यादि दिया गया। इस अवसर पर बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी गौतम, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, रवि खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, केशव मिश्रा, शंकर मोटवानी, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, मयंक गुप्ता, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास, अमित पिल्लै आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शासकीय तिलक महाविद्यालय में वेबीनार का आयोजन



कटनी। शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जैव विविधता पर वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. एस.के. खरे, शास. तिलक महावि. कटनी, मुख्य वक्ता डॉ. दिलीप चक्रवती, पर्यावरण शिक्षा अधिकारी, द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. आयशा सिद्दिकी, सहायक प्राध्यापक माता गुजरी महिला महाविद्यालय जबलपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आर.के. गुप्ता, प्राचार्य, शास. कन्या महावि. कटनी, श्रीमती पद्मजा शुक्ला, सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र एवं डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने जैव विविधता हम समाधान का हिस्सा है विषय पर व्याख्यान दिये डॉ. एस.के. खरे ने जैव विविधता के संरक्षण पर प्रकाश डाला तथा उन्होने कहा की जल, थल, नभ में भी जैव विविधता समाहित है विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा उन्होने कहा कि प्राणियों को उनके प्राकृतिक आवास में ही रहना चाहिए। डॉ. आर.के. गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों का परिचय कराया तथा उन्होने कहा कि मनुष्य निजी स्वार्थों के चलते बहु-उपयोगी पेड़ पौधों की अधाधुंध कटाई कर रहा है जिससे वातावरण दूषित एवं प्राणवायु की कमी हो रही है इसे रोकने की आवश्यकता है। पर्यावरण शिक्षा अधिकारी श्री दिलीप चक्रवर्ती ने कहा कि यह समय कार्य करने का है उन्होंने ने कहा कि इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के माध्यम से अपने-अपने महाविद्यालय की जैव विविधता को पहचानने एवं चिन्हित करने की आवश्यकता है वृक्षों के पहचान के लिए वृक्षों पर क्यू.आर. कोड लगाया जाना चाहिए। डॉ. आयशा सिद्दिकी, सहायक प्राध्यापक माता गुजरी महिला महाविद्यालय जबलपुर ने जैव विविधता को विस्तार से समझाया एवं विलुप्त होते पक्षीयों की प्रजातियों के बारे में जानकारी दी। श्रीमती पद्मजा शुक्ला ने हम किस तरह जैव संरक्षण का हिस्सा बन सकते हैं इस पर प्रकाश डाला अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत पक्षियों के लिए दाना पानी सकोरे लगाए गए एवं निबंध प्रतियोगिता एवं ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन ईको क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योत्सना आढ्या प्रभारी, ईको क्लब प्रभारी, शासकीय तिलक महावि. कटनी ने किया। इस वेबीनार डॉ. साधना जैन, डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. आर.पी. सिंह,, श्रीमती अभिलाषा चौरसिया, रजनीश कुमार कुशवाहा की भूमिका रही।



# उमरियापान पुलिस को दिए सेनिटाइजर व मास्क



**उमरियापान।** उमरियापान में क्लीनिक का संचालन करने वाले डॉ आशीष शुक्ला ने उमरियापान थाना पहुंचकर एएसआई आर के पांडे, मान सिंह मार्को को 10 लीटर सेनिटाइजर और 100 मास्क देकर सहयोग किया है। कोरोना काल में पूरा पुलिस स्टाफ रात दिन आम जनता को सुरक्षित रखने सेवाएं दे रहा है। आशीष शुक्ला द्वारा सेनिटाइजर और मास्क का सहयोग करने से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा। डॉ आशीष शुक्ला ने बताया की नगर में जिस व्यक्ति को भोजन की आवश्यकता हो मेरे से संपर्क कर निःशुल्क भोजन प्राप्त कर सकता है।

# किसान आंदोलन का समर्थन, घर पर काला झंडा लगाया कांग्रेस नेता ने



**कटनी।** कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। आंदोलन को आज 6 महीने पूरे हो गए हैं लेकिन केन्द्र सरकार ने अब तक न तो किसानों की मांगों को पूरा किया है और न ही तीनों काले कृषि कानूनों को रद्द किया है। कांग्रेस नेता राकेश कक्का एवं श्रीमती आराधना जैन ने किसानों की मांगों को समर्थन किया है। श्री जैन ने कहा कि सरकार हठधर्मिता पर उतारू है। 6 महीने ने किसान दिल्ली बॉर्डर पर धरना दे रहे हैं। ठंड और गर्मी में भी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं लेकिन उनकी मांगों को आज तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने किसान विरोधी तीन काले कानून वापस लेने की मांग का समर्थन करते हुए काला दिवस के रूप में अपने घर पर काला झंडा लगाकर किसान आंदोलन का समर्थन किया।

# क्लीनिक में स्वास्थ्य विभाग का छापा

## अत्याधिक मात्रा में मिली एलोपैथिक दवाईयां, नोटिस जारी

**रीठी।** रीठी में अनाधिकृत रूप से क्लीनिक का संचालन करने वाले एक व्यक्ति के विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। बताया जाता है कि विगत 22 मई को रीठी के गोलबाजार में स्टेट बैंक एटीएम के पास सुधीर पटेल द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर रीठी तहसीलदार राजेश कुमार पांडे एवं ब्लाक मेडिकल ऑफीसर रीठी बबीता सिंह ने रीठी टीआई रोहित पांडे एवं स्टाफ की उपस्थिति में यहां दबिश देकर छापामार कार्रवाई की थी। दबिश के दौरान क्लीनिक से अत्यधिक मात्रा में एलापैथिक दवाईयां बरामद की गई थीं। बीएमओ ने उक्त दवा के भंडारण और क्लीनिक के संचालन को लेकर नोटिस जारी करते हुए सुधीर पटेल से तीन दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज एवं डिग्री बीएमओ कार्यालय में जमा करने के लिए कहा था। बीएमओ बबीता सिंह ने बताया कि नोटिस का जबाव देते हुए संबंधित व्यक्ति द्वारा फार्मेसी के दस्तावेज पेश किए गए हैं। उक्त दस्तावेज को सीएमएचओ कार्यालय आगे की कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है।



# जिला प्रशासन को कल दी जाएगी दो लाइफ सपोर्ट सुपर स्पेशलिटी एम्बुलेंस

**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल में पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा लगातार मदद की जा रही है। सायना में कोविड केयर सेंटर के बाद अब विधायक द्वारा मरीजों की सुविधाओं के लिए एम्बुलेंस प्रदान की जा रही है। जानकारी के मुताबिक युवा समाजसेवी यश पाठक द्वारा 2 लाइफ सपोर्ट सुपर स्पेशलिटी एम्बुलेंस कल गुरूवार 27 मई को सुबह 11 बजे जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। बताया गया है कि जिसमे की एक एम्बुलेंस विजयरघवगढ़ अस्पताल एवं एक बरही अस्पताल के लिए कलेक्ट्रट परिसर में जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी।



# रोको-टोको अभियान के माध्यम से दी जा रही संक्रमण के बचाव की जानकारी

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से बचाव तथा प्रसार पर नियंत्रण हेतु आवश्यक उपायों को अपनाने की जानकारी से लोगों को अवगत करानें सहित जागरूकता उत्पन्न करनें के प्रयास निगम प्रशासन द्वारा अनवरत जारी है। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा सहयोगी संस्था के माध्यम से नगर के रेल्वे स्टेशनों में आनें - जाने वाले यात्रियों तथा पुरानी कचहरी स्थित वैक्शीनेशन केन्द्र, जैन माध्यमिक शाला स्थित कोविड जांच केन्द्र में उपस्थित हो रहे नागरिकों को संगिमण से बचाव एवं प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना रोको-टोको अभियान के माध्यान से मास्क पहननें, आपस में दो गज की बनाये रखनें तथा साबुन या सेनेटाइजर से हांथों को साफकरनें की समझाईश दी जा रही है। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नगर के चिन्हित स्थलों में प्रातः 10 बजे तक प्रोटोकाल के साथ सब्जी व्यवसाय का संचालन, अनाधिकृत रूप से खुली दुकानों को बंद करानें, निर्धारित स्थलों से ही सब्जी/फ्ल का व्यवसाय करनें सहित कोरोना जागरूकता रथों एवं कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से संगिमण से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी गाईडलाईन की उद्घोषणा नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो मे कराई जाकर नागरिकों को कोरोना कर्फ्यू का पालन कर घरों में ही सुरक्षित रहनें की अपील निरंतर की जा रही है।

# मुस्तैदी से काम में जुटा एनकेजे थाने का अमला

## बिना मास्क घूमने वाले 3230 और बिना कारण घूमने वाले 204 लोगों पर की कार्यवाही

कटनी। कोरोना संक्रमण काल में बचाव और रोकथाम के लिये शासन-प्रशासन द्वारा सतत् रुप से कार्य किये जा रहे हैं। जिले में जनस्वास्थ्य की दिशा में चिकित्सीय संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। हमारे लोकसेवक चौबीसों घंटे किसी ना किसी रुप में अपनी सेवायें दे रहे हैं। कोरोना विपदा का यह समय विकट है। लेकिन हमारे लोक सेवकों का हौसला उससे बड़ा है। बुलंद हौसलों के साथ ऐसी ही जिम्मेदारी एनकेजे थाने के अमले के द्वारा निभाई जा रही है। जिले में 31 मई की प्रातः 6 बजे तक के लिये कोरोना कर्फ्यू बढ़ा दिया गया है। कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन हो, यह अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने भी पूरे पुलिस महकमे को कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। जिसे लेकर एनकेजे थाने द्वारा मुस्तैदी से काम किया जा रहा है। थाना प्रभारी महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सूचनाओं का संप्रेषण तेजी से हो सके, इसके लिये हमने कोरोना समाधान ग्रुप बनाया है। जिसमें थाना क्षेत्र के सरपंच, सचिव, कोटवार एवं गणमान्य नागरिकों को जोड़ा गया है। किसी व्यक्ति के कोरोना से संक्रमित होने या अन्य कोई परेशानी होने पर सूचना प्राप्त होते ही थाने द्वारा हर संभव मदद की जा रही है।



**कोरोना कर्फ्यू के उल्लंघन पर 51 के विरुद्ध धारा 188 के तहत की कार्यवाही, मिशन संबल के तहत 1200 परिवारों को उपलब्ध कराया राशन**

कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन कराते हुये अब तक एनकेजे थाने द्वारा 3230 लोगों पर चालानी कार्यवाही की गई है। इसी तरह बिना कारण घूमने वाले 204 लोगों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही भी की गई है। इसके साथ ही धारा 188 के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले 51 व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। जनसहयोग की दिशा में भी एनकेजे थाने ने मिसाल कायम की है। लॉकडाउन के दौरान गरीब बस्तियों में जाकर जनसहयोग से 500 लोगों को मास्क का वितरण किया गया। बच्चों और महिलाओं को विटामिन सी की दवाओं का भी वितरण किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा प्रारंभ किये गये मिशन संबल के तहत 16 मई से अब तक गरीब एवं जरुरतमंद लगभग 1200 परिवारों को जनसहयोग से राशन का वितरण भी एनकेजे थाने की टीम ने किया है। कोरोना की इस संक्रामक बीमारी से थाने के जवानों को भी सुरक्षित रखने की दिशा में भी प्रयास किये गये हैं। टीम को मास्क, फेसशील्ड एवं सैनीटाईजर का वितरण किया गया। थाने की टीम के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये भाप लेने की अस्थाई व्यवस्था भी थाने में बनाई गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033

Email :- katni@yashbharat.com

# प्लास्टिक गोदाम में आग से दहशत





## शहर के कई क्षेत्रों में नियमविरूद्ध बने हैं गोदाम

शहार के बिलैया तलैया सब्जी मंडी से लेकर गुरूनानक वार्ड, सावरकर वार्ड, शंभू टॉकीज में इस तरह के कई गोदाम बने हुए हैं, जो कि रिहायशी इलाकों में संचालित हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इस दुर्घटना ने क्षेत्रवासियों के जेहन में दहशत पैदा कर दी है। हर समय खतरा बना रहता है, जिसका खामियाजा क्षेत्र के निवासियों को झेलना पड़ सकता है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि आज की दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए स्टेशन रोड, बिलैया तलैया सब्जी मंडी, बरही रोड, गुरूनानक वार्ड, सावरकर वार्ड से लेकर शंभू टॉकीज तक जितने भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बने हैं, उनकी जांच की जाए तथा देखा जाए कि क्या उन्होंने नियमानुसार निर्माण किया है, जो व्यवसाय कर रहे हैं, उसको करने के लिए नियमों का पालन कर रहे हैं कि नहीं।

### कांग्रेस नेता के ऑफिस में घुस गई फायर ब्रिगेड




बताया जाता है कि आज सुबह आनंद प्लास्टिक में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल के लिए रवाना हुई। इसी दौरान एक गाड़ी गुरूनानक वार्ड में कांग्रेस नेता मौसूफ अहमद बिट्टू के ऑफिस की शटर को तोड़ते हुए इससे जा टकराई। यह तो गनीमत रही कि उस समय ऑफिस में कांग्रेस नेता नहीं थे। कांग्रेस नेता मौसूफ अहमद बिट्टू ने बताया कि वे रोज सुबह वार्ड के लोगों की समस्याएं सुलझाने के लिए ऑफिस जाते थे लेकिन आज ऑफिस जाने में थोड़ा देर हो गई, इसी दौरान उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा ने फोन करते हुए उन्हें ऑफिस में फायर ब्रिगेड अनियंत्रित होकर घुसने की सूचना दी। वे इस घटना में बाल-बाल बच गए।

### आग बुझाने फायर ब्रिगेड को करना पड़ी मशक्कत, घटना ने खड़े किए कई सवाल

**कटनी।** रिहायशी इलाकों में बने गोदाम यहां रहने वाले लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहे हैं। गोदाम बनाने के लिए न तो कोई प्रशासनिक अनुमति ली जाती है और न ही यहां सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम किए जाते हैं। यदि इन गोदामों में आग लग जाए तो फायर ब्रिगेड को आग बुझाना भी मुश्किल हो जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा आज सुबह सावरकर वार्ड स्थित पुरानी एलआईसी बिल्डिंग के पीछे उस समय देखने को मिला, जब आनंद प्लास्टिक के गोदाम में भयावह आग लग गई। गोदाम से धुआं उठता देख क्षेत्रीय नागरिकों ने फायर ब्रिगेड को खबर दी। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड यहां पहुंच गई। बताया जाता है कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि थोड़ी ही देर में इसने उग्र रूप धारण कर लिया था। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को भी आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना मिलते ही एसपी मयंक अवस्थी, एएसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी



घटनास्थल का जायजा लेते एसपी व अन्य अधिकारी।

### रिहायशी इलाकों में बने गोदामों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की पुलिस करेगी जांच

शशिकांत शुक्ला, कोतवाली टीआई विजय विश्वकर्मा भी मौके पर पहुंच गए थे। रिहायशी क्षेत्र के बीच में स्थित गोदाम में लगी आग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिसकी जांच किया जाना जरूरी है। रिहायशी क्षेत्र में गोदाम बनाने की अनुमति किसने दी है। बिल्डिंग का नक्शा नगर निगम द्वारा व्यवसायिक रूप में पास किया गया है कि रिहायशी, साथ ही निर्माण नक्शे के अनुरूप हुआ है या नहीं। इसके अलावा निर्माण के दौरान नियमों का पालन किया गया है या नहीं। इतने भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ का स्टॉक रखने वाले ने अग्निशमन की व्यवस्था की थी कि नहीं। क्या नगर निगम के अग्निशमन विभाग द्वारा एनओसी जारी की गई थी और यदि जारी की गई थी तो क्या अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई उपाय किए गए थे।

#### इनका कहना है

आनंद प्लास्टिक में आज सुबह हुई इस घटना के बाद एक जांच समिति का गठन किया गया है। जो शहर में रिहायशी इलाकों में संचालित इस तरह के गोदामों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच करेगी। विधिवत अनुमति के साथ गोदाम और व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालन के संबंध में दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी।

**-मयंक अवस्थी**
**पुलिस अधीक्षक**

# संक्रमण से राहत : सरकारी रिकार्ड में मौतों का आंकड़ा एक सैकड़ा पार

### अब तक सवा लाख लोगों की सेम्पलिंग में मिले 9323 पॉजीटिव केस

**कटनी।** जिले में अब तक सवा लाख से ज्यादा लोगों की कोरोना जांच की जा चुकी है। इसमे 9 हजार 323 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि एक लाख 9 हजार से ज्यादा लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। पॉजीटिव केसों में से 8 हजार 932 लोगो ने संक्रमण को मात दी है। सरकारी रिकार्ड में दर्ज मौतों का कुल आंकड़ा 102 पहुंच गया है। राहत की बात यह है कि अब संक्रमण की दर हर नीचे आ रही है। पिछले चार दिनों से पॉजीटिविटी रेट एक प्रतिशत के नीचे है। संक्रमण की दर कम होने के साथ ही रिकव्हरी रेट भी हर दिन बढ़ रहा है। आज लगातार तीसरे दिन 83 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। एक्टिव केस भी तीन सौ के नीचे आ गया है। आज जिले में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 289 बताई गई है। गौरतलब है कि अप्रैल में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण कहर बनकर टूट रहा था और हर दिन बड़ी संख्या में संक्रमित मरीज मिल रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ मई शुरू होते ही इसमे कमी देखने को मिली। संक्रमण की दर नीचे आने के साथ ही अब सिंगल डिजिट पर आ गई है। पॉजीटिविटी रेट कम होने से भले ही स्वास्थ्य विभाग राहत की सांस ले रहा हो लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि खतरा अभी टला नहीं है। संक्रमण कम हुआ है, खत्म नहीं। संक्रमण में कमी आने के साथ ही अभी ब्लैक फंगस की दहशत बनी हुई है। इसके अलावा विशेषज्ञों ने तीसरी लहर आने की चेतावनी भी दी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में पिछले 24 घंटे में 6 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। जिसमे 25 मई को रेपिड एंटीजन टेस्ट की 541 सेम्पल की रिपोर्ट में 2 और सुप्राटेक लैब अहमदाबाद से मिली 24 मई की 462 सेम्पल की रिपोर्ट में 4 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह आज भी कटनी जिले में संक्रमण की दर 1 प्रतिशत के नीचे रही।

**स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| पिछले 24 घंटे में पॉजीटिव केस - | 06 |
| अब तक कुल पॉजीटिव केस - | 9323 |
| 24 घंटे में ठीक हुए मरीज - | 83 |
| अब तक कुल ठीक हुए मरीज - | 8932 |
| अब तक मौतें - | 102 |
| जिले में कुल सेम्पलिंग - | 123679 |
| जिले में कुल नेगेटिव रिपोर्ट - | 109665 |
| जिले में एक्टिव केस - | 289 |

**1 लाख 9665 की रिपोर्ट नेगेटिव, 8932 डिस्चार्ज**

#### मई में 3 हजार मरीज स्वस्थ हुए

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में हर दिन रिकव्हरी रेट बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में जिले में 83 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। इस तरह मई के महीने में 3075 और अब तक कुल 8 हजार 932 मरीज कोरोना से ठीक होकर घर जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मई के महीने में पॉजीटिव केस कम आने के साथ ही ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।

### कोरोना ने ली एक सैकड़ा जानें

अप्रैल के बाद मई के शुरूआती दिनों में भी कोरोना संक्रमण ने ऐसा कहर बरपाया कि मौतों का आंकड़ा आधा सैकड़ा को पार कर गया। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जिले में 1 मई से लेकर 26 मई तक 66 मौतें दर्ज की गई हैं। इस तरह 26 दिनों में औसतन हर दिन तीन लोगों ने कोरोना संक्रमण से दम तोड़ा है। पिछले 24 घंटे में भी 4 मृत्यु दर्ज की गई हैं। इस तरह अब जिले में कुल मौतों का आंकड़ा 102 तक पहुंच गया है। सरकारी आंकड़ों से अलग हटकर मौतों का आंकड़ा इससे कहीं अधिक है। अप्रैल और मई के शुरूआती दिनों में पन्ना मोड़ में बनाए गए कोविड मुक्तिधाम में हर दिन करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों के अंतिम संस्कार किए गए। इसका रिकार्ड स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है।

### अब जिले में 289 एक्टिव केस

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर से राहत का सिलसिला जारी है। जिले में संक्रमण की दर एक प्रतिशत से नीचे आने के बाद अब जिले में एक्टिव केस भी हर दिन कम होते जा रहे हैं। जिले में अब 289 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 231 मरीज होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। इसके अलावा जिला चिकित्सालय और कोविड केयर सेंटरों में 37 और निजी चिकित्सालयों में 21 मरीज उपचाररत हैं।

**3 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर गए 350 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी**

# हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर, टीकाकरण भी होगा प्रभावित

**कटनी।** नियमित कर्मचारियों की तरह वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के प्रांतव्यापी आव्हान पर जिले के साढ़े तीन सौ से ज्यादा संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल की वजह से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं पटरी से उतर गई हैं। जिला चिकित्सालय के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में हड़ताल से कामकाज प्रभावित हो रहा है। कोरोना संक्रमण के चलते टीकाकरण अभियान पर भी असर पड़ने की संभावना है, इसके अलावा जिला चिकित्सालय में पैथॉलॉजी, सोनोग्राफी, एक्सरे सहित अन्य सेवाएं भी प्रभावित होने से इंकार नहीं किया जा सकता, हालांकि स्वास्थ्य विभाग वैकल्पिक व्यवस्थाएं बनाने का दावा कर रहा है। हड़ताल की वजह से सबसे ज्यादा असर जिला चिकित्सालय पर पड़ रहा है। यहां वार्डों में नियमित के साथ ही संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हर दिन ड्यूटी लगाई जाती थी लेकिन हड़ताल की वजह से समस्या इस बात की है कि अब इनके स्थान पर किन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, लिहाजा रेगुलर कर्मचारियों पर बोझ बढ़ गया है। सीएमएचओ ने दावा किया है कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**नियमित कर्मचारी के वेतनमान का 90 प्रतिशत वेतन देने की मांग**

### महामारी में आधे वेतन में काम करने को मजबूर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले में संविदा आयुष चिकित्सक, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स, एएनएम, डाटा मैनेजर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, टीबी कर्मचारी, बीसीएम, पीपीएम, सपोट स्टाफ डेम, बेम, डीएचएस अकाउटेन्ट, सीएचओ, डीपीएमयू यूनिट, आईडीएसपी के कर्मचारी, एड्स कर्मचारी पिछले वर्ष कोरोना महामारी से लेकर अभी तक आधे वेतन पर अपनी जान हथेली पर रखकर विपरीत परिस्थितियों में 24 घंटे काम कर रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी ड्यूटी करते हुए संक्रमित हो रहे हैं और कई संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का निधन भी हो गया है लेकिन इन कर्मचारियों की पीड़ा को सरकार ने नहीं समझा। मुख्यमंत्री के नाम सीएमएचओ को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 5 जून 2018 को संविदा कर्मचारियों के लिए नीति बनाई गई, जो कैबिनेट में पारित की गई और सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों का न्यूनतम 90 प्रतिशत वेतनमान देने के आदेश प्रसारित हुए, जिसके अनुसार महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, खेल युवा कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, लोक स्वास्थ्य कल्याण विभाग, लोकसेवा प्रबंधन एवं पुलिस कॉरपोरेशन विभाग सभी को 90 प्रतिशत वेतन का लाभ दिया गया लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की फाइल 3 वर्ष से भी वित्त विभाग से स्वीकृत नहीं हो पाई। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार नीति में स्पष्ट रूप से राज्य स्वास्थ्य समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का न्यूनतम 90 प्रतिशत वेतनमान दिए जाने के निर्देश थे, जिसका पालन आज तक नहीं किया गया।

### क्या है मांगे

संघ की प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को 5 जून 2018 की नीति अनुसार नियमित कर्मचारी के वेतनमान का न्यूनतम 90 प्रतिशत वेतनमान की फाइल वित्त विभाग से स्वीकृत कराकर मिशन से आदेश जारी किए जाएं। समस्त निष्कासित एवं सपोर्ट स्टाफ कर्मचारी, जिन्हें आउट सोर्स एजेंसी में कर दिया गया है, उनकी तत्काल मिशन में वापसी की जाए। संघ द्वारा बार-बार लगातार पत्रों के माध्यम से शासन-प्रशासन अपनी मांगों से अवगत करा रहे है लेकिन आज तक संघ के प्रतिनिधियों को बुलाकर मांगों का निराकरण नहीं किया गया। संघ के प्रतिनिधियों से बात कर मांगों का निराकरण किया जाए।

#### इनका कहना है

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। जहां-जहां संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई थी, वहां रेगुलर स्टाफ से काम लिया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही टीकाकरण प्रभावित न हो, इसका प्रयास किया जा रहा है। मरीजों को समुचित उपचार मिले, इसके लिए ओपीडी और वार्डों में स्टाफ को निर्देशित किया गया है।

**-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ.बलदेव सिंह — MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन, पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल, हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. गगन सोनी — BDS डेंटल सर्जन, कटनी के सुप्रसिद्ध, दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था


# डेरी व्यवसायी पर चाकू से हमला



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बड़गांव में डेरी व्यवसायी पर चाकू से जानलेवा हमला करने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बड़गांव निवासी शेख अनवर पिता शेख शहीद मंगलवार की सुबह 11 बजे के लगभग जब डेरी में काम कर रहा था। उसीदौरान डेरी के अंदर घुसकर 5-6 युवकों ने उस पर चाकू, लाठी-डंडा से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बिलहरी चौकी प्रभारी सेल्वाराज पिल्लई के मुताबिक आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)